खबर संक्षेप



## कलेक्टर ने किया ईवीएम स्टोर का निरीक्षण

**सतना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अनुराग वर्मा ने गुरुवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में स्थापित ईवीएम स्टोर का निरीक्षण किया। भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुसार ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्येक 3 माह में किया जाना आवश्यक है। इस मौके पर आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत,अपर कलेक्टर ऋषि पवार,कार्यपालन यंत्री आरईएस अश्वनी जायसवाल एवं निर्वाचन शाखा में संलग्न कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलेक्टर मैहर ने ली अधिकारियों की बैठक

**सतना।** कलेक्टर मैहर रानी बाटड एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मैहर द्वारा गुरुवार को अधिकारियों की बैठक लेकर विकसित भारत संकल्प यात्रा रूट चार्ट एवं खुले में मांस-मछली विक्रय पर प्रतिबंध एवं धार्मिक स्थलों पर तीव्र गति से लाउड स्पीकर पर प्रतिबंध के संबंध में अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिये। उन्होने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले अंतर्गत समस्त एसडीएम, सीएमओ,सीईओ एवं समस्त एसडीओ व समस्त थाना प्रभारियों को भी आवश्यक कार्यवाही के लिये निर्देशित किया।

## पंचायत उप चुनाव के लिए नामांकन आज से लिये जायेंगे

**सतना।** राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतराज संस्थाओं में रिक्त पदों के निर्वाचन के लिए चुनाव कार्यक्रम निर्धारित कर दिया गया है। 22 दिसम्बर तक नामांकन होगा एवं 5 जनवरी को मतदान कराया जाएगा। जारी कार्यक्रम के अनुसार चुनाव की अधिसूचना का प्रकाशन 15 दिसम्बर को किया जाएगा।इसी दिन रिक्त पदों के आरक्षण की सूचना एवं मतदान केन्द्रों की भी सूची का प्रकाशन किया जाएगा। नामांकन पत्र 22 दिसम्बर को दोपहर 3 बजे तक दाखिल किए जा सकेंगे। नामांकन पत्रों की जांच 23 दिसम्बर को की जाएगी। उम्मीदवार 26 दिसम्बर को दोपहर बाद 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं। नाम वापसी की समय सीमा पूरी होने के बाद उम्मीदवारों की सूची का प्रकाशन किया जाएगा। इसी दिन उम्मीदवारों को चुनाव प्रतीक आवंटित किए जाएंगे। आवश्यक होने पर 5 जनवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर बाद 3 बजे तक निर्धारित मतदान केन्द्रों में मतदान होगा।पंच पदों के मतों की गणना मतदान समाप्ति के बाद मतदान केन्द्र में होगी। शेष सभी पदों के निर्वाचन की मतगणना 9 जनवरी को प्रातः 8 बजे से विकासखण्ड मुख्यालय में की जाएगी। मतों का सारणीकरण करके विकासखण्ड स्तर पर 9 जनवरी को सरपंच तथा जनपद सदस्य और 11 जनवरी को पंच तथा जिला पंचायत सदस्य पदों के चुनाव परिणामों की घोषणा की जाएगी।

ग्राम बरहिया में हुआ बड़ा हादसा

# बेलगाम ट्रक ने ली दो छात्राओं की जिंदगी




**मैहर।** गुरुवार शाम नादन थाना अंतर्गत ग्राम बरहिया के ब्रिज के पास बड़ा हादसा हो गया जिसमें दो छात्राओं को अपना जीवन गंवाना पड़ा।प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार तीन छात्राएं अपनी साइड में साइकिल से नादन की तरफ से स्कूल से घर वापस आ रही थी। तीनो ही छात्राएं 12वीं में पढ़ाई करती थीं तथा अर्धवार्षिक परीक्षा देकर स्कूल से वापस लौट रही थीं।तभी अचानक तेज रफ्तार ट्रक में एक लड़की के साइकिल का चका जा फंसा जो उस लड़की को घसीटते हुए आगे ले गया इसी दौरान दूसरी लड़की को भी ट्रक ने अपनी चपेट में ले लिया। दोनों लड़कियां ट्रक में फंसकर काफी दूर घसीटती चली गई जिस वजह से दोनों की ही मौत हो गई। तीसरी लड़की साइकिल से गांव की रोड की तरफ उतर गई जिससे वह बाल-2 बच गई। मृत छात्राओं में से एक पूजा पिता राम विश्वास तथा दूसरी लक्ष्मी पिता हीरालाल प्रजापति बताई जा रहीं है।दोनो ही छात्राएं ग्राम बरहिया की निवासी है।



# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई राष्ट्रीय राजमार्ग को शहर से जोड़ने वाली सर्विस सड़कें

### हाईवे चकाचक पर उखड़ गयी सर्विस सड़कें

**मैहर।** नगर के फोरलेन राष्ट्रीय राजमार्ग क्र.30 में वाहन तेज़ गति से दौड़ते हैं किंतु राजमार्ग को शहर से जोड़ने वाली लगभग सर्विस रोडो की हालत खस्ता है। बड़े-बड़े गढ्ढो तथा सड़क के उखड़ जाने की वजह से वाहन चालकों को इन सर्विस रोड से गुजरने में खासी मसक्कत करनी पड़ रही है। सूत्रों की माने तो निर्माण के दौरान हाईवे की गुणवत्ता का तो ध्यान रखा गया है किंतु साइड की सर्विस सड़कों पर जमकर भ्रस्टाचार हुआ है। जिसका नतीजा है कि एन एच 30 की



लगभग सर्विस सड़कें आंशिक या पूर्णतः खराब हो चुकी हैं। कभी कभी रिपेयरिंग के नाम पर इन सड़को म पैच वर्क कर दिया जाता है किंतु वह ज्यादा दिन तक टिक नहीं पाता। देखने योग्य होगा कि जिम्मेदार कब तक इन सर्विस रोडो का पुनर्निर्माण करवाते हैं ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### फिसल जाते है वाहन चालक

उखड़ी सर्विस सड़को पर गड्ढे होने की वजह से उखड़ी हुई गिट्टी तथा डस्ट बिखरी होने से कई बार दो पहिया वाहन फिसल जाते है तथा दुर्घटना हो जाती है। हल्की बरसात होने पर मामला और भी गड़बड़ हो जाता है तथा हादसों की संभावना भी बढ़ जाती है।

# देश की मशहूर हस्तियों के साथ दौड़े सतना के अंश, 3 किमी में रहे प्रथम

### करगिल युद्ध में सैन्य विजय की स्मृति में हाफ मैराथन दौड़ आयोजित

**सतना।** भारतीय सेना ने करगिल युद्ध में ऐतिहासिक सैन्य विजय की स्मृति में ऑनर रन-इंडियन आर्मी वेटरन्स हाफ मैराथन दौड़ का आयोजन नई दिल्ली के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में किया। जिसमे सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने कई सैन्य,अनुभवी और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति में हरी झंडी दिखाई।

3 किलोमीटर में सतना के अंश रहे प्रथम

4 श्रेणियों के तहत आयोजित मैराथन में 21 किमी की कारगिल रन नाम दिया गया था। अन्य तीन श्रेणियां 10 किमी दौड़ की थीं जिन्हें टाइगर हिल रन नाम दिया गया। वहीं 5 किमी को टोलोलिंग



रन 3 किमी की दौड़ को बटालिक रन नाम दिया गया। जिले के लिए सबसे बड़ी उपलब्धि की बात यह रही कि 3 किलोमीटर बटालिक रन में सतना जिले के उचेहरा तहसील के नंदहा गांव निवासी चुनमुन जायसवाल के पुत्र अंश जायसवाल ने भी भाग लिया और हजारों लोगों के बीच दौड़ कर प्रथम स्थान हासिल किया है। इस दौरान प्रमुख जनरल मनोज पांडे,उपप्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल एमवी सुचिन्द्र कुमार,एडजुटेंट जनरल और मेजर डीपी सिंह तथा विश्व ख्याति के एथलीट सूबेदार अविनाश साबले की उपस्थिति में सील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।अंश की उपलब्धि पर पद्मश्री बाबूलाल दाहिया,कृषि अनुसंधान संस्थान के सेवा निवृत महनिदेशक डॉ सदाचारी सिंह तोमर,डॉ धीरज दाहिया,नंदहा ग्राम पंचायत सरपंच सुभद्रा सिंह, पिथौराबाद सरपंच माधुरी जायसवाल,उप सरपंच पुष्पेंद्र सिंह,सचिव राकेश सिंह,विद्यालय प्राचार्य केके द्विवेदी,राहुल,धर्मेंद्र सिंह,गवेंद्र सिंह,शिवेंद्र सिंह परिहार, गोकुल सिंहरोल, सचिन, बिशाल,दिपेन्द्र, यश आदि ने खुशी व्यक्ति की है।

## उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल आज मैहर और चित्रकूट आयेंगे



**सतना।** प्रदेश के उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल 15 दिसंबर को मैहर और चित्रकूट के स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। जारी कार्यक्रमानुसार उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल रेवांचल एक्सप्रेस से प्रातः 6 बजे मैहर पहुंचेंगे। प्रातः 6 बजे से 8 बजे तक का समय आरक्षित रहेगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल प्रातः 8 बजे मां शारदा देवी के दर्शन करेंगे। इसके उपरांत प्रातः 9:30 बजे चित्रकूट के लिये प्रस्थान करेंगे। प्रातः 11:45 बजे चित्रकूट पहुंचकर गुरुदेव आचारी मंदिर चित्रकूट में हवन-पूजन और लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

# श्रीमद्भागवत कथा से मन का होता है शुद्धिकरण

**सतना।** श्रीमद् भागवत कथा से मन का शुद्धिकरण होता है।इससे संशय दूर होता है और शांति व मुक्ति मिलती है। यह बात स्थानीय कठवारिया स्थित श्री बजरंगवाली के मंदिर में संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में आचार्य रोहित जी व्यास महाराज वृदांवन वालों ने कथा का वाचन करते हुए कही। उन्होंने कहा कि कथा की सार्थकता तब ही सिद्ध होती है,जब इसे हम अपने जीवन व व्यवहार में धारण कर निरंतर हरि स्मरण करते हैं।अपने जीवन को आनंदमय,मंगलमय बनाकर अपना आत्म कल्याण करें। अन्यथा यह कथा केवल मनोरंजन,कानों के रस तक ही सीमित रह जाएगी। महाराज रोहित जी ने कहा कि श्रीमद् भागवत कथा श्रवण से जन्म जन्मांतर के विकार नष्ट हो जाते हैं,जहां अन्य युगों में धर्म लाभ एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए कड़े प्रयास करने पड़ते हैं। वहीं कलियुग में कथा सुनने मात्र से व्यक्ति भवसागर से पार हो जाता है। सोया हुआ ज्ञान वैराग्य कथा श्रवण से जागृत हो जाता है।कथा कल्पवृक्ष के समान है,जिससे सभी इच्छाओं की पूर्ति की जा सकती है।



उन्होंने कहा कि भागवत पुराण हिदुओं के अठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद् भागवत या केवल भागवत भी कहते हैं। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है,जिसमें श्रीकृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरूपण भी किया गया है। भगवान की विभिन्न कथाओं का सार श्रीमद् भागवत मोक्ष दायिनी है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं। श्रीमद्भागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है। रोहित व्यास महाराज ने कहा कि श्रीकृष्ण की रासलीला के दर्शन करने के लिए शिवजी को गोपी का रूप धारण करना पड़ा। आज हमारे यहां भागवत रूपी रास चलता है,परंतु मनुष्य दर्शन करने को नहीं आते। वास्तव में भगवान की कथा के दर्शन हर किसी को प्राप्त नहीं होते। कलियुग में भागवत साक्षात श्रीहरि का रूप है। पावन हृदय से इसका स्मरण मात्र करने पर करोड़ों पुण्यों का फल प्राप्त हो जाता है। इस कथा को सुनने के लिए देवी देवता भी तरसते हैं और दुर्लभ मानव प्राणी को ही इस कथा का श्रवण लाभ प्राप्त होता है। कथा के श्रवण मात्र से ही प्राणी मात्र का कल्याण संभव है।

# नगर निगम की सभी 9 संजीवनी क्लीनिक स्वास्थ्य विभाग को स्थानांतरित

**सतना।** मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक योजना के तहत सतना नगर निगम को स्वीकृत कुल 9 संजीवनी क्लीनिक के भवन समय-सीमा में तैयार किये जाकर स्वास्थ्य विभाग को हैंड-ओवर कर दिए गए हैं। इस आशय की जानकारी गुरुवार को कलेक्टर अनुराग वर्मा की अध्यक्षता में संपन्न नगर निगम के कार्यों की समीक्षा बैठक में दी गई।इस मौके पर आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत,उपायुक्त भूपेंद्रदेव परमार सहित नगर निगम के अधीक्षण यंत्री,कार्यपालन यंत्री एवं योजना प्रभारी उपस्थित रहे। नगर निगम की समीक्षा बैठक में बताया गया कि सतना नगर निगम को मुख्यमंत्री संजीवनी क्लीनिक योजना के तहत 25.25 लाख रुपए की लागत से 9 वार्डों में 9 संजीवनी क्लीनिक भवन निर्माण कार्य स्वीकृत किए गए थे। जिनमें से 21.95 लाख रुपए प्रत्येक की लागत से सभी क्लीनिक भवन का निर्माण समय-सीमा में पूर्ण कर स्वास्थ्य विभाग को भवन हस्तांतरित कर दिए गए हैं।इनमें संजीवनी क्लीनिक उत्तरी पतेरी अमौधा तालाब के पास वार्ड नंबर -1,संजीवनी क्लीनिक जोन ऑफिस वार्ड नंबर 10,संजीवनी क्लीनिक सामुदायिक भवन के पास उत्तरी पतेरी वार्ड 22,संजीवनी क्लीनिक कामता टोला नजीराबाद वार्ड नंबर 35,संजीवनी क्लीनिक आंगनवाड़ी बगहा के पास वार्ड नंबर 3,संजीवनी क्लीनिक महादेवा रोड तिराहा वार्ड नंबर 30,संजीवनी क्लीनिक पानी की टंकी भरहुत नगर वार्ड नंबर 6,संजीवनी क्लीनिक कृपालपुर बाईपास मंदिर के पास वार्ड नंबर 18 और संजीवनी क्लीनिक बजरहा टोला वार्ड नंबर 41 शामिल है। कलेक्टर अनुराग वर्मा ने नगर निगम के कार्यों एवं संचालित योजनाओं प्रधानमंत्री आवास शहरी,अमृत योजना,स्वच्छ भारत मिशन, राजस्व किराया, अन्य मदों की राजस्व वसूली, पेयजल, मुख्यमंत्री अधोसंरचना, कायाकल्प अभियान, लाडली बहना, पीएम स्वनिधि एवं नगर निगम की अन्य गतिविधियों की समीक्षा की।

# मैहर नगर विकास के लिए कोई समझौता नहीं, समय में पूरे किए जाएं प्रस्तावित कार्यः श्रीकांत



**मैहर।** मध्य प्रदेश शहरी विकास कंपनी के चीफ इंजीनियर आनंद सिंह मैहर पहुंचे।नवगठित मैहर जिले में पेयजल एवं सीवर लाइन के प्रस्तावित कार्यों के निरीक्षण के लिए पहुंचे आनंद सिंह ने स्थानीय अधिकारियों से मिलकर विकास कार्यों के संबंध में जानकारी ली। श्री सिंह ने इस दौरान क्षेत्रीय विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी से भी मुलाकात की और स्वीकृत कार्यों और संभावित विकास को लेकर जानकारी दी। मुलाकात के दौरान श्री चतुर्वेदी ने स्पष्ट किया कि नगर के विकास के संबंध में उनकी नीति स्पष्ट है और यहां पर वह किसी भी प्रकार की कमी या अनियमिता के सख्त खिलाफ है।अतः ज़रूरी है कि नगर के विकास को लेकर नगर विकास कंपनी को हर बिंदु को ध्यान में रखकर सक्रियता एवं समय अवधि के भीतर कार्य करना होगा। चीफ इंजीनियर ने विधायक श्री चतुर्वेदी के कथन पर सहमत जताते हुए कहा कि शीघ्र ही हम इस विषय पर ध्यान देते हुए स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित करेंगे ताकि जिले के पेयजल व्यवस्था और सीवर लाइन के कार्य को गंभीरतापूर्वक लेते हुए प्रस्तावित कार्यो पूरा किया जाए। विधायक श्रीकांत और चीफ इंजीनियर श्री सिंह कि मुलाकात के दौरान स्थानीय अधिकारी और सम्माननीय जन भी उपस्थित रहे।

# स्मार्ट सिटी के कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित होनी चाहियेः कलेक्टर

### 301 करोड़ लागत के 41 प्रोजेक्ट वर्क पूर्ण

**सतना।** कलेक्टर एवं अध्यक्ष सतना स्मार्ट सिटी अनुराग वर्मा ने कहा कि स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट वर्क अलग एसओआर के आधार पर कराए जाते हैं। इसलिए स्मार्ट सिटी के कार्यों में विशिष्टता और गुणवत्ता सुनिश्चित होनी चाहिए और यह प्रत्यक्ष दिखनी भी चाहिए। कलेक्टर की अध्यक्षता में संपन्न स्मार्ट सिटी के कार्यों की समीक्षा बैठक में बताया गया कि अब तक 301 करोड़ 61 लाख रुपए लागत के 41 कार्य पूर्ण कर लिए गए हैं।इस अवसर पर आयुक्त नगर निगम अभिषेक गहलोत,उपायुक्त भूपेंद्रदेव परमार भी उपस्थित थे। स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट लिमिटेड की समीक्षा बैठक में जानकारी दी गई कि सतना स्मार्ट सिटी के तहत 930 करोड़ 21 लाख रुपए लागत के कुल 73 प्रोजेक्ट कार्य स्वीकृत हैं। जिनमें 301 करोड़ 61 लाख रुपए के 41 प्रोजेक्ट वर्क पूर्ण कर लिए गए हैं। जबकि 611 करोड़ 26 लाख



रुपए के 30 निर्माण कार्य प्रगतिशील हैं। इसी प्रकार 17 करोड़ 34 लाख रुपए के दो प्रोजेक्ट वर्क में निविदा की कार्यवाही चल रही है। प्रगतिरत कार्यों में बताया गया कि नारायण तालाब का विकास कार्य 70 फ़ीसदी पूर्ण हो गया है। जनवरी अंत तक पूर्ण कर लिया जाएगा। धवारी तालाब लगभग एक माह और इंटर स्टेट बस टर्मिनल का निर्माण कर मार्च तक पूर्ण कर लिया जाएगा। शहर के 20 किलोमीटर छोटे कवर्ड नालों का विकास कार्य 70 फ़ीसदी पूरा हो गया है। वहीं शहर की 60 किलोमीटर आंतरिक सड़कों का विकास कार्य 40 फ़ीसदी पूर्ण हुआ है। कलेक्टर ने सभी नालों और सड़कों का कार्य माह मई 2024 तक हर हाल में पूर्ण कर लेने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि नगर निगम और स्मार्ट सिटी के कार्य अलग-अलग एसआरओ से कराए जाते हैं। इसलिए स्मार्ट सिटी के कार्यों में गुणवत्ता अलग दिखनी चाहिए। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के कार्यों में गति लाकर निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराए जाने चाहिए।

### प्रधानमंत्री आवास और स्वनिधि योजना में लायें प्रगति

कलेक्टर अनुराग वर्मा ने सभी नगरीय निकाय संस्थाओं के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी और पीएम स्वनिधि योजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने नगरीय निकाय के कार्यों की समीक्षा में कहा कि पिछले 2-3 माह से नगरीय निकाय की संचालित योजनाओं में प्रगति संतोषजनक नहीं है। सभी कार्यों में गति लायें और राजस्व वसूली पर विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि नगर निगम में पीएम स्वनिधि योजना में 97 प्रतिशत लक्ष्य पूर्ति कर ली गई है। लेकिन नगरीय निकायों में अभी 40 से 50 प्रतिशत ही पूर्ति की गई है।

# स्कूल,आंगनबाड़ी के नल कनेक्शन का सत्यापन करायेंः कलेक्टर

**सतना।** कलेक्टर अनुराग वर्मा ने गुरुवार को जल संसाधन,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और जल निगम के अधिकारियों की बैठक लेकर सिंचाई योजनाओं और जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा 2492 विद्यालयों और 1540 आंगनबाड़ियों में स्वीकृत नल कनेक्शन की कार्यपूर्णता की जानकारी का सत्यापन कराए जाने के निर्देश दिए। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री जल संसाधन रामसुजान नट,लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी शरद सिंह तथा जल निगम के अधिकारी और लॉरसन एंड टुब्रो कंपनी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।कलेक्टर श्री वर्मा ने विभाग के कार्यों की धीमी प्रगति पर असंतोष जताते हुए विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में किए गए कार्य का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### अक्षत कलश पैदल यात्रा रामधुन के साथ ग्रामीण अंचलों में पहुँचे



**अमानगंज।** 22 जनवरी 2024 को श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में भगवान राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा का अद्वितीय भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जिसके आमंत्रण हेतु समूचे देश में विश्व हिंदु परिषद के द्वारा अक्षत कलश भेजे जा रहे हैं इसी कार्यक्रम में अमानगंज से विभिन्न ग्रामीण अंचलों में पैदल यात्रा करते हुए रामधुन गाते और भगवान श्री राम के जयकारे लगाते हुए श्री राम भक्त अक्षत कलश लेकर पहुंचे जिनका स्वागत जोरदार आतिशबाजी के साथ गाँवो में भक्तों द्वारा किया गया और सिर पर अक्षत कलश रखकर समूची ग्राम का भ्रमण करते हुए अपने-अपने गांव के मंदिर पहुंचे। इस बीच अक्षत कलश का जगह-जगह आरती पूजा भी की गई। अब इसके बाद यह अक्षत राम भक्तों द्वारा घरों घरों पहुंचाये जाएंगे और श्री राम जन्मभूमि मंदिर में रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सम्मिलित होने का आमंत्रण दिया जाएगा।

### वीडियो कॉन्फ्रेंस आज

**पन्ना।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में 15 दिसम्बर को सुबह 10.30 बजे से मंत्रालय भोपाल से विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में वीडियो कॉन्फ्रेंस आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव व्हीसी में जनप्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। इस मौके पर सर्वसंबंधितों से कलेक्टर कार्यालय के एनआईसी व्हीसी कक्ष में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### साइबर तहसील परियोजना एक जनवरी से लागू होगी

**पन्ना।** आगामी एक जनवरी 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था लागू करने का निर्णय लिया गया है। मध्यप्रदेश में बिना आवेदन, नामांतरण और अभिलेख दुरुस्तीकरण की फेसलेस व्यवस्था जून 2022 से लागू है। इसे साइबर तहसील नाम दिया गया है। इसमें रजिस्ट्री उपरांत क्रेता के पक्ष में अविवादित नामांतरण फेसलेस व पेपरलेस तरीके से ऑनलाइन प्रक्रिया के द्वारा 14 दिन में बिना आवेदन के और बिना तहसील के चक्कर लगाए स्वतः ऑटोमेटिक तरीके से हो जाता है और खसरे तथा नक्शे में भी क्रेता का नाम दर्ज हो जाता है।

### शाहनगर एसटीएस श्रीकांत तिवारी जी सड़क दुर्घटना में निधन



**पन्ना।** जिले की शाहनगर उप स्वास्थ्य केंद्र में पद एसटीएस श्रीकांत तिवारी मदन लाल तिवारी निवासी बिसानी आज प्रतिदिन की तरह अपनी ड्यूटी में शाहनगर आ रहे थे जैसे ही निर्माण अधीन टोल के पास टू व्हीलर में सवार होकर पहुंचे तो सामने से एक अज्ञात वाहन की ठोकर से मार दिया जिससे वह बुरी तरह लहु-लुहान हो गए राहगीरों द्वारा उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शाहनगर ले जाया गया जहां से प्राथमिक उपचार कर कटनी के लिए रेफर किया गया साथ ही गंभीर हालत को देखते हुए श्रीकांत तिवारी जी को जबलपुर के लिए रेफर किया गया जहां पहुंचते ही श्री तिवारी ने गंभीर हालत होने पर उनका निधन हो गया वह अपने पीछे एक पुत्र को छोड़कर चले गये।

### नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल प्रारंभ

**दमोह ।** महानिर्देशालय, श्रम एवं रोजगार संचालनालय नई दिल्ली अंतर्गत शिक्षित बेरोजगार ट्रान्सजेन्डर आवेदको के लिए निजी क्षेत्र में रोजगार सहायता प्रदान करने हेतु नेशनल कैरियर सर्विस पोर्टल चलाया जा रहा है, जिस पर ट्रान्सजेन्डर सीधे आनलाईन पंजीयन कर सकते है एवं उसमें दर्शित विभिन्न प्रदेशो में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दिए निर्देश

# विकसित भारत संकल्प यात्रा की तैयारियों की समीक्षा

### 16 दिसम्बर से आरंभ होगी यात्रा, गणतंत्र दिवस पर होगा समापन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 16 दिसम्बर से आरंभ हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में आज मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन किया जाए।







पन्ना।

केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा शुरू की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है। गणतंत्र दिवस पर 26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए पुख्ता तैयारी की जाए। कहीं पर भी यात्रा की औपचारिकता न पूरी करें। यात्रा के सभी रूटों पर जनप्रतिनिधियों की सहभागिता भी सुनिश्चित की जाए। अधिकारी-कर्मचारी व्यक्तिगत रूचि लेकर यात्रा में शामिल हों और यात्रा के उद्देश्य के अनुरूप सभी वंचित और पात्र व्यक्तियों तक यात्रा के लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव 15 दिसम्बर को जनप्रतिनिधियों से यात्रा के सफल आयोजन के संबंध में वर्चुअल संवाद भी करेंगे। उन्होंने कहा कि यात्रा में स्कूली बच्चों, महिलाओं, स्व-सहायता समूहों, वरिष्ठ नागरिकों, युवा और किसानों को अधिक से अधिक संख्या में जोड़ा जाए। विकसित भारत संकल्प यात्रा से फिट इंडिया के संदेश का भी प्रचार-प्रसार सुनिश्चित हो और जनसामान्य को पर्याप्त पोषण तथा एक्सरसाइज की आवश्यकता की जानकारी देते हुए स्वस्थ्य जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मोबाइल वैन के जिलों में भ्रमण के लिए रूट चार्ट तैयार कर जनप्रतिनिधियों, क्षेत्रीय सांसद, स्थानीय विधायक सहित अधिक से अधिक नागरिकों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए।

#### कमिश्नर डॉ. रावत भी हुए शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की वर्चुअल समीक्षा के मौके पर कमिश्नर डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत सहित कलेक्टर हरजिंदर सिंह, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय एवं संबंधित विभागों के अधिकारी भी कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष में उपस्थित थे। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के उपरांत संभागायुक्त डॉ. रावत ने नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में यात्रा की तैयारियों की समीक्षा कर विभागीय अधिकारियों को सौंपे गए कार्यों व दायित्वों का गंभीरतापूर्वक निर्वहन करने के निर्देश दिए। यात्रा के रूट चार्ट, अधिकारी-कर्मचारियों की तैनाती, प्रत्येक व्यक्ति तक सुलभ तरीके से योजनाओं व सेवाओं का लाभ सुनिश्चित करने, हितलाभ वितरण, शिविर के आयोजन इत्यादि के संबंध में चर्चा की। कमिश्नर ने कलेक्ट्रेट की विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण भी किया। उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं में प्रगति और क्रियान्वयन की जानकारी भी ली।

# कौन होगा इस बार मंत्री, जिले से भाजपा की तीनों सीटें सफलता को लेकर जानी गई अब मंत्री की बारी







### मंत्रिमंडल के गठन को लेकर तरह-तरह से अनुमान व कयास लगाये जा रहे

पन्ना।

तीनों सीटों में भाजपा को मिली सफलता अब जिले में मंत्री पद देना उचित माना जायेगा कि नहीं जिससे जिले के विकास को दिशा तय होने की उम्मीद नई सरकार के मुखिया के रूप में डॉ0 मोहन यादव को जहां सीएम पद की शपथ दिला दी गई अब मंत्री मण्डल के गठन को लेकरा तरह-तरह से अनुमान व कयास लगाये जा रहे है जिस तरह से सीएम पद में जो सोचा न गया वह साबित कर दिया गया। अब मंत्री मण्डल को लेकर भी जानकार भले ही चर्चाओं में ही कयास लगा रहे है पर यह तो तभी जाना जायेगा जब मंत्री मण्डल के गठन में किसको जिम्मेदारी किस विभाग की तय की जायेगी। वैसे बात करें पन्ना जिले की जहां भाजपा को तीनों सीटों में सफलता मिली है कांग्रेस यहां एक भी सीट बचाने में कामयाब नहीं हो पाई जिले से पूर्व में भी मंत्री के रूप में बृजेन्द्र प्रताप सिंह को जिम्मेदारी दी गई थी वहीं अनुमान लगाया जा रहा है कि इस बार जिले से मंत्री पद के लिये इस बार किसे नवाजा जायेगा ताकि जिले के विकास की कारगर दिशा तय हो सके। जिस तरह से आम जनता ने भाजपा को सरकार के लिये तीनों विधानसभाओं से विधायकों को निर्वाचित करते हुये भेजा है अब देखना यह है कि जिले में मंत्री पद सरकार के मुखिया के द्वारा नवाजा जायेगा कि नहीं जिसको लेकर ही तरह-तरह से चर्चायें व्याप्त है।

### 20 दिसम्बर तक डाटा बेस अद्यतन कराने के निर्देश

**पन्ना।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरजिंदर सिंह ने न्याय विभाग, पुलिस और होमगार्ड के अतिरिक्त सभी कार्यालय प्रमुखों को आगामी लोकसभा निर्वाचन के दृष्टिगत शासकीय सेवकों के डाटाबेस को अद्यतन कराने के निर्देश दिए हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के निर्देशानुसार लोकसभा चुनाव के लिए सेक्टर अधिकारियों की नियुक्ति की जाना है। इसलिए आगामी 20 दिसम्बर तक सभी श्रेणी के लोकसेवकों का डाटाबेस अपडेट कराने के लिए निर्देशित किया गया है। इसके अलावा सेवानिवृत्त, मृत अथवा नये पदभार ग्रहण करने वाले लोकसेवकों की सूचना तत्काल प्रेषित कर डाटाबेस अद्यतन करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# लाउड स्पीकर की आवाजें भी अब निशिचत दायरे में ही होगी






पन्ना।

लाउड स्पीकर की आवाज भी निश्चित की जाने को लेकर धीमी गति से जहां करने के लिये सरकार का आदेश अब क्रियान्वयन कराने को लेकर सामने स्थिति तय करेगी जिला मुख्यालय में छत्रसाल महाविद्यालय में शिक्षा को लेकर अक्सर हालात तेज गति से लाउड स्पीकर की आवाज जो कहीं न कहीं बाधक के हालात में जानी जाती थी उसमें सुधार की दिशा को लेकर यह आदेश सरकार के मुखिया का कारगर साबित होगा।

अब म.प्र. में भी लाउड स्पीकर की आवाजों को ध्यान रखते हुये इनकी आवाज की सीमा धीमी सुनिश्चित करने के लिये म.प्र. सरकार के मुखिया मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव ने उत्तर प्रदेश की दर्ज में यहां ध्यान में रखते हुये कार्य करने की दिशा को पहले ही दिन से आदेश के रूप में परणित किया है। जिसमें अब जिम्मेदार अधिकारियों को क्रियान्वयन करने के लिये भी समय सीमा तय कर दी गई है। निश्चित ही लाउड स्पीकर की आवाज कई बार समस्याजनक साबित होती थी वहीं जिला मुख्यालय की बात करें तो छत्रसाल महाविद्यालय में शिक्षा प्रदान करने में तेज गति से लाउड स्पीकर की आवाज जो एक बड़ी बाधक के रूप में मतानी जाती थी जहां कालेज के प्रांगण से लगी हुई मस्जिद से लाउड स्पीकरों की आवाज अक्सर जो शिक्षा प्रदान करने में महाविद्यालय के लिये बाधा के रूप में जानी जाती थी इसमें भी सुधार की दिशा तय होने के हालात जाने जायेंगे। वैसे भी म.प्र. सरकार के मुखिया ने जहां इस संबंध में धर्म सप्रदाय के लोगों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये आदेश के पालन कराये जाने को लेकर जिम्मेदार अधिकारियों को जिम्मेदारी सोंपी है। पहले ही दिन से इस तरह की कार्यवाही स्वमेव चर्चा में है वहीं आगे आने वाले समय में किस तरह से जवाबदेही विभिन्न क्षेत्रों में तय होगी यह भी जाना जायेगा।

# बाजार में मीट मांस की दुकानों को लेकर प्रदेश सरकार के मुखिया के आदेश का पालन आखिर स्वमेव जाना जायेगा




पन्ना।

पवित्र नगरी पन्ना में कई बार आवाज तो उठती रही पर अब तो म.प्र. सरकार के सीएम डॉ0 मोहन यादव ने सपथ के बाद ही किये आदेश जिसका परिणाम निश्चित ही आयेगा सामने

जिले में कई बार पवित्र नगरी को ध्यान में रखकर आवाजें बुलंद होती रही खुलेआम बाजार में मांस व मछली मीट आदि की दुकानें जो धड़ल्ले से चल रही थी अब बंद होने के हालात तय होंगे। म.प्र. सरकार के मुख्यमंत्री डॉ0 मोहन यादव ने सपथ ग्रहण के बाद ही पहले दिन ही कुछ आदेश किये जिसमें से यह आदेश भी किया गया कि बाजार में अब खुलेआम मांस मीट आदि की दुकानें बंद की जायेंगी। अतः इनके मार्केट की व्यवस्था पन्ना में एक बार फिर आवश्यकता के तौर पर सामने आयेगी। कहने को तत्कालीन नापा अध्यक्ष श्रीमती शारदा पाठक के कार्यकाल में मीट मार्केट के लिये रानीगंज मोहल्ले के पीछे लगभग 12 लाख की बिल्डिंग का निर्माण कराया गया था जो बिल्डिंग कहीं न कहीं अपने आप खुद ही हालात को बयां कर रही है। नापा की राशि इस बिल्डिंग में जो लगाई गई थी आखिर उसका औचित्य साबित नहीं हो सका भले ही अब यह देखना है कि इस बिल्डिंग में ही मीट मार्केट का कारोबार संचालित होगा या कि फिर से आदेश को लेकर नई रणनीति को लेकर नापा अपनी दिशा तय करेगी। इस संबंध में तो जिम्मेदार अधिकारी ही जवाबदेही सुनिश्चित करेंगे जो निश्चित ही आगे आने वाले समय में स्वतः साबित होगी।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के अभियान में होंगे विविध कार्यक्रम

पन्ना।

विकसित भारत संकल्प यात्रा जनहितैषी योजनाओं पर केन्द्रित है। यात्रा के लिए ग्रामीण क्षेत्र की 19 तथा शहरी क्षेत्र की 15 योजनाएं चिन्हित हैं। इनमें स्वस्थ्य भारत मिशन, खाद्य सुरक्षा, गुणवत्ता शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाएं, उचित पोषण, गरीबों के लिए आवास, वित्त पोषण सेवाओं और सामाजिक सुरक्षा से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। योजनाओं की जानकारी और प्रचार-प्रसार के लिए प्रत्येक जिले में ग्राम पंचायत तक मोबाइल वैन पहुंचेगी, जिसमें प्रधानमंत्री श्री मोदी का उद्बोधन, योजनाओं की जानकारी और योजनाओं से संबंधित चलचित्र प्रदर्शित होंगे। यह वैन सभी नगरीय निकायों में भी जाएगी तथा पम्पलेट, बुकलेट आदि वितरित करने के साथ-साथ योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन, लाभ वितरण भी सुनिश्चित किया जाएगा। योजनाओं के संबंध में जागरूकता के लिए क्विज, सांस्कृतिक कार्यक्रम और ड्रोन प्रदर्शन भी होगा। लाभार्थियों की व्यक्तिगत सफलता की कहानियों और उपलब्धियों को साझा करने के लिए मेरी कहानी-मेरी जुबानी जैसे कार्यक्रम होंगे तथा धरती कहे पुकार के, स्वच्छता गीत आदि जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ड्रोन प्रदर्शन द्वारा प्राकृतिक खेती, स्वाईल हेल्थ कार्ड के संबंध में जानकारी दी जाएगी।

#### स्वास्थ्य मेला सहित विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत स्वास्थ्य मेला, उज्जवला योजना, किसान, पशुपालक, मछुआरों के लिए क्रेडिट कार्ड के आवेदन लेने और बैंकों से समन्वय के स्टॉल होंगे। इसके साथ ही आधार कार्ड में जानकारी अपडेशन, राजस्व विभाग के अंतर्गत नामांतरण और बंटवारा, कृषि, स्वसहायता समूहों, पेंशन योजनाओं, आदिवासी विकास से संबंधित योजनाओं के स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

#### यात्रा में शामिल जनहितैषी योजनाएं

विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, क्रिसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल-जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हेल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी। शहरी क्षेत्रों में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्ट-अप इंडिया, स्टेंड-अप इंडिया, आयुष्मान भारत, पीएम आवास योजना शहरी, वंदे भारत ट्रेनें और अमृत भारत स्टेशन योजना, स्वच्छ भारत अभियान, उजाला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधोसंरचना, आरसीएस योजना और खेलो इंडिया से संबंधित योजनाएं व गतिविधियाँ शामिल होंगी।

#### यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी

यात्रा के लिए जिला, जनपद और पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तथा वाहन प्रभारी की नियुक्ति की जाएगी। इसके साथ ही पंचायत स्तर पर स्वागत समिति और उत्सव समिति का गठन भी होगा। जिला स्तर पर कलेक्टर की अध्यक्षता में क्रियान्वयन समिति गठित होगी। राज्य स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास तथा राजस्व विभाग और नगरीय क्षेत्रों के लिए नगरीय प्रशासन विभाग समन्वय, मॉनीटरिंग आदि के लिए नोडल विभाग होंगे। भारत सरकार और पीएमओ द्वारा इस यात्रा की मॉनीटरिंग वेब आधारित पोर्टल से की जाएगी।

# जेसीबी की मदद से खुलवाया गया जाम



पवई।

गुरुवार को सुबह पवई के मोहन्द्रा मोड में एक ट्रक का कंप्रेसर खराब हो जाने की वजह से बीच रास्ते में ही बंद पड़ गया था,जिससे सड़क में दोनों ओर जाम की स्थिति हो जाने की वजह से लंबी कतार लग गई थी। थाना प्रभारी सुधीर कुमार बेगी को जैसे ही खबर लगी उन्होंने मौके पर पहुंचकर जेसीबी की सहायता से उस ट्रक को सड़क के एक तरफ हटवाते हुए जाम को खुलवाया गया जिसके बाद यातायात सुचारू रूप से संचालित हुआ।

# मारपीट के आरोपी को 1 वर्ष का सश्रम कारावास एवं जुर्माना

पन्ना।

जिला लोक अभियोजन अधिकारी पन्ना के मीडिया प्रभारी/सहा.जिला लोक अभियोजन अधिकारी ऋषिकांत द्विवेदी के बताये अनुसार घटना संक्षेप में इस प्रकार है, कि दिनांक 16.03.2017 को फरियादी राजू शेख ने अभियुक्त बृजेश गुप्ता के विरूद्ध इस आशय की रिपोर्ट लेख करायी। कि वह खाना लेकर अस्पताल जा रहा था तो जमीनी विवाद को लेकर रास्ते में ब्रजेश गुप्ता पिता किशोरीलाल गुप्ता उसे मां-बहन की गंदी-गंदी गालियां देने लगा तो उसने गाली देने से मना किया तो अभियुक्त बृजेश ने उसके साथ लात घूंसो से मारपीट किया वह चिल्लाया तो रहीश दौडा और बीच-बचाव किया। फरियादी की रिपोर्ट पर से अभियुक्त के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। आहत का मेडिकल कराया गया। जिसमें डाक्टर द्वारा एक्सरे रिपोर्ट प्राप्त होने पर फैक्चर होना लेख किया गया है दौरान विवेचना घटनास्थल का नक्शा मौका बनाया गया, साक्षीगण के कथन लेखबद्ध किए गए। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

न्यायालय श्रीमान प्रीतम शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी पन्ना, जिला पन्ना के न्यायालय मे शासन की ओर से पैरवी करते हुए रोहित गुप्ता, सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी द्वारा अभियोजन के साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लेखबद्ध कराया, न्यायालय के समक्ष आरोपी बृजेश गुप्ता को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम श्रेणी का होने के कारण कठोर से कठोरतम सजा दिये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्को एवं न्यायिक दृष्टांतो से संतुष्ट होते हुए न्यायालय द्वारा आरोपी- बृजेश गुप्ता पिता किशोरीलाल गुप्ता उम्र 45 वर्ष निवासी बेनीसागर मोहल्ला जिला पन्ना को धारा 325 भादसं. में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1000 रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

**खबर संक्षेप**

### कूडन्ताल पर नवगृह मंदिर का निर्माण जारी, लोगों से सहयोग की अपील

**छतरपुर।** श्री श्री 1008 श्री कूडन्ताल धाम में 2018 में शनिदेव महाराज की आधार शिला रखी गई थी और यहां पर श्री शनिदेव जी की शिला को विराजमान भी किया गया। वहीं पर प्रसिद्ध प्राचीन हनुमान जी की प्रतिमा विराजमान है तभी से कूडन्ताल में शनिदेव महाराज की प्राणप्रतिष्ठा के बाद श्री शनिदेव समाज सेवा समिति कूडन्ताल धाम कालापानी के द्वारा 2019 में नवगृह शान्ति के लिये नवगृह मन्दिर का कार्य प्रारम्भ कराया गया था जो आज भी प्रगति पर है। इसके साथ ही शनि मन्दिर दर्शन उपरान्त नवगृह मन्दिर में विराजमान नवगृहों के दर्शन कर लोगों के नवगृह शान्ति के लिये भी उपाय किये जाएंगे। इस निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाना आवश्यक है जिसके लिये सभी भक्तगणों के सहयोग की आवश्यकता है। नवगृह मन्दिर के निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद जल्द से जल्द मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का कार्य हो सके।

### अयोध्या के पुजारी पर आपत्तिजनक पोस्ट करने वाले युवक पर मातगुवां थाने में दर्ज हुआ मामला

**छतरपुर।** अयोध्या के निर्माणाधीन राम मंदिर में पुजारी के तौर पर नियुक्त किए गए मोहित पाण्डेय के विरूद्ध सोशल मीडिया पर गलत और आपत्तिजनक जानकारी पोस्ट करने वाले एक युवक को यह मामला भारी पड़ गया। हिन्दू संगठन से जुड़े एक नेता की शिकायत पर इस युवक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मामला मातगुवां थाने से जुड़ा है। एएसपी विक्रम सिंह ने बताया कि छतरपुर के राकेश अरजरिया ने मातगुवां थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है कि थाना क्षेत्र में रहने वाले रमेश कुशवाहा के द्वारा सोशल मीडिया पर अयोध्या मंदिर के पुजारी मोहित पाण्डेय के विरूद्ध आपत्तिजनक पोस्ट डाली गई है। यह पोस्ट न सिर्फ असत्य है बल्कि इससे मोहित पाण्डेय की छवि खराब करते हुए हिन्दू धर्म को मानने वाले लोगों को आहत किया गया है। इस शिकायत की पुष्टि करने पर पुलिस ने आरोपी रमेश कुशवाहा के विरूद्ध धारा 153ए, 505, 67ए के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। आरोपी के विरूद्ध गिरफ्तारी की कार्यवाही की जा रही है।

### 16 से शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**छतरपुर।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश में 16 दिसम्बर से आरंभ हो रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में कमिश्नर-कलेक्टर्स को मंत्रालय में हुई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप जनहित और जनकल्याण के लिए आरंभ की गई यात्रा का क्रियान्वयन मोदी की गारंटी की साख और गरिमा के अनुरूप हो। उल्लेखनीय है कि केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना की पहुंच को सुगम बनाने के उद्देश्य से विकसित भारत संकल्प यात्रा आरंभ की जा रही है। प्रमुख योजनाओं का लाभ लक्षित लाभार्थियों, विशेष तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना, योजनाओं का प्रचार-प्रसार और जागरूकता, लाभार्थियों के अनुभव साझा करना और संभावित लाभार्थियों का चयन तथा नामांकन सुनिश्चित करना यात्रा का उद्देश्य है। 26 जनवरी 2024 को यात्रा का समापन गणतंत्र दिवस पर होगा। छतरपुर जिले के क्लेक्ट्रेट स्थित एनआईसी कक्ष से जिला पंचायत सीईओ श्रीमती तपस्या परिहार, एसीईओ चंद्रसेन सिंह, पीओडूडा साजिदा कुरैशी सहित अन्य अधिकारी व्हीसी के माध्यम से जुड़े।विकसित भारत संकल्प यात्रा के अंतर्गत ग्रामीण तथा । शहरी क्षेत्रों में संचालित योजनाएं सम्मिलित होंगी। ग्रामीण क्षेत्र में क्रियान्वित आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान योजना, क्रिसान क्रेडिट कार्ड, पीएम पोषण अभियान, हर घर जल- जल जीवन मिशन, स्वामित्व योजना, जन-धन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग, स्वाइल हैल्थ कार्ड, उन्नत कृषि यंत्र से संबंधित गतिविधियां शामिल होंगी।

**सीएमएचओ के वसूली को लेकर वीडियो हो रहे वायरल**

# सीएमएचओ डॉक्टर तिवारी के कार्यकाल में बिना डिग्रीधारी डॉक्टरों, लेब की आई बाढ़



छतरपुर। सीएमएचओ डॉक्टर लखन तिवारी के कार्यकाल में बिना डिग्रीधारी डॉक्टरों, लेबों की आई बाढ़ सी आ गई। जिले सैकड़ों वीडियो लेन देन के बिना डिग्रीधारी डॉक्टरों ने बना रखे है। सीएमएचओ के वसूली को लेकर वीडियो हो रहे वायरल। जिले में अवैध रूप से क्लीनिकों का संचालन करने वाले झोलाछाप डॉक्टरों के पास स्वस्थ विभाग का जिले का सबसे एक वरिष्ठ अधिकारी के महीनो के हिसाब से पैसा जाता है। कभी कभी स्वस्थ विभाग का यह अधिकारी अपने सहयोगी और ड्राइवर के साथ स्वयं शाम से देर रात तक वसूली करने निकल जाता है। मातगुंवा के झोलाछाप डॉक्टर पंकज राय ने बताया की मैने अभी 25 हजार रुपए दिए है।

नाम न छापने पर बताया कि जिले में सैकड़ों बिना डिग्री धारी डॉक्टर ने बताया कार्यवाही के डर से हर महीने साहब को पैसे उनके घर देने जाना पड़ता हैं। इसी तरह बमीठा के पास क्लिनिक संचालित करने वाले डॉक्टर ने भी सीएमएचओ को पैसे देने की बात कही। इन सभी आरोपों पर सीएमएचओ डॉक्टर लखन तिवारी का कहना है कि पैसे लेने देने की बात पूरी तरह गलत है।

### गांव के अधिकतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लगा रहता है ताला

डॉक्टर लखन तिवारी जिला चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के सुविधा शुल्क के चलते गांव के अधिकतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में ताला लगा रहता है। जिला स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर लखन तिवारी ना तो कभी कार्यालय में मिलते हैं, और ना ही कभी गांव के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण करते है।




गांव के अधिकतर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में ताला लगा रहता है, जो भी वहां का प्रभारी डॉक्टर होता है। वह हफ्ता पंद्रह दिन में जाता है, और अपने साइन करके लौट आता है। क्योंकि जिला कार्यालय में उसका महीना सुविधा शुल्क का फिक्स है, जिससे उसे किसी प्रकार का डर नहीं रहता है। और सैकड़ों किमी. चलकर लोग अस्पताल आते, डॉक्टर नही मिलने से निराश लौट जाते है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर सुविधाएं नहीं हैं। जिससे गांव की भोली वाली जनता इलाज करने के लिए मजबूरी में झोलाछाप डॉक्टर के पास जाती हैं। इसका फायदा सीधे तौर पर झोलाछाप डॉक्टर उठा रहे हैं। गांव में सरकारी इलाज की सुविधा नहीं है। बीमार होने पर झोलाछाप डॉक्टरों से ही इलाज कराना पड़ता है।

**इनका कहना है -**

आपके द्वारा जानकारी मिली है, मैं स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित कर कार्यवाही करवाता हूं।
**संदीप जी.आर.**
**कलेक्टर, छतरपुर**




# छतरपुर आएंगे चार राज्यों के 816 खिलाड़ी

**21 से 25 तक होगा महिला कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन**

**छतरपुर।** भारतीय विश्वविद्यालय संघ नई दिल्ली के वार्षिक खेल कैलेण्डर अनुसार महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर को पश्चिम क्षेत्रीय कबडडी महिला प्रतियोगिता के आयोजन का महत्वपूर्ण दायित्व सौपा गया है। कुलपति प्रो. शुभा तिवारी एवं कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन में 21 से 25 दिसम्बर 2023 तक विश्वविद्यालय के हॉकी ग्राउंड में पश्चिम क्षेत्रीय महिला कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। मीडिया सेल के संयोजक डा सुमति प्रकाश जैन के अनुसार इस वृहद खेल महोत्सव में पश्चिम क्षेत्र के चार राज्यों राजस्थान, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा एवं मध्यप्रदेश की 68 विश्वविद्यालयों की टीमें भाग ले रही है। इन चार राज्यों की 68 टीमों के 816 खिलाड़ी, 32 रेफरी, 136 कोच तथा मैनेजर 21 से 25 दिसम्बर 2023 तक होने वाली प्रतियोगिता में सहभागिता करेंगे। इस बड़ी खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर कुलपति प्रो शुभा तिवारी, कुलसचिव यशवंत सिंह पटेल के मार्गदर्शन तथा खेल संचालक डा बीपी गौर के संयोजन में सभी समितियों एवं यूनिवर्सिटी परिवार की एक बैठक आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के सुचारू तथा सफल आयोजन के लिये यूनिवर्सिटी प्रशासन ने विभिन्न समितियों का गठन कर सभी को दायित्व सौंपे गए हैं।

# खेल उत्सव में खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर

### साइंस व कम्प्यूटर और पैरामेडिकल संकाय की टीमों ने जीते मुकाबले

**छतरपुर।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में 12 दिवसीय स्पोर्टस फेस्ट 2023 के आज छठे दिवस पर प्रथम क्रिकेट मैच साइंस व कंप्यूटर संकाय बनाम कृषि संकाय के मध्य हुआ। जिसमें साइंस व कंप्यूटर संकाय ने जीत दर्ज की। दूसरा क्रिकेट मैच मैनेजमेंट संकाय बनाम पैरामेडिकल के मध्य हुआ। जिसमें पैरामेडिकल ने जीत दर्ज। जिसके मुख्य अतिथि के.के. तिवारी, सहायक संचालक शिक्षा विभाग, छतरपुर, विशिष्ट अतिथि विपिन अवस्थी डायरेक्टर सजल ग्रुप ऑफ एजुकेशन, राम हेत व्यास एपीसी शिक्षा विभाग छतरपुर और पेप्टेक गुरप के डायरेक्टर विनय चौरसिया रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलाधिपति डॉ. बृजेन्द्र सिंह गौतम ने की।

स्वागत भाषण में कुलाधिपति ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि इस खेल उत्सव में आपकी गरिमामयी उपस्थिति से हम अभिभूत हैं। शिक्षणतर गतिविधियों के साथ-साथ खेल प्रतियोगितओं का आयोजन विश्वविद्यालय में प्रत्येक वर्ष किया जाता है। मुख्य अतिथि के. के. तिवारी ने कहा कि खेल का महत्व सिर्फ शारीरिक स्वास्थ्य की ही सीमा नहीं होता है, बल्कि यह हमारे मनोविज्ञानिक विकास के लिए भी आवश्यक है। विशिष्ट अतिथि विपिन अवस्थी ने





कहा कि विद्यार्थियों में सहिष्णुता, धैर्य और भाईचारे की भावना का विकास खेल प्रतियोगिताओं द्वारा ही आता है। विशिष्ट अतिथि विनय चौरसिया ने कहा कि खेल संज्ञानात्मक विकास को आगे बढ़ाता है और साथ ही साथ खेल कल्पनाशीलता और सृजनात्मक को बढ़ावा देता हैं। खेल शारीरिक और क्रियात्मक विकास को भी बढ़ावा देता है।

# मानव तस्करी गिरोह के 4 लोग पकड़े



# झारखण्ड से छतरपुर लाकर महिला को बेचने का आरोप




### दो महिलाओं, दो पुरूषों को भेजा गया जेल

**छतरपुर।** छतरपुर की सिविल लाइन थाना पुलिस ने मानव तस्करी करने वाले एक गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस गिरोह में दो महिलाएं भी शामिल हैं। आरोप हैं कि इस गिरोह के द्वारा झारखण्ड के धनबाद से एक महिला को काम दिलाने के बहाने छतरपुर लाया गया था और फिर यहां उसे बेच दिया गया। महिला ने किसी तरह गिरोह के चंगुल से मुक्त होकर 12 दिसम्बर को सिविल लाइन थाने में मामले की शिकायत की थी।

सीएसपी अमन मिश्रा ने आरोपियों और फरियादी का नाम उजागर किए बगैर बताया कि इस गिरोह में दो महिलाएं भी शामिल हैं। छतरपुर की ही रहने वाली एक महिला के द्वारा धनबाद की इस महिला को काम के बहाने से बुलाया गया था और फिर उसे बेच दिया गया। जिस व्यक्ति यह महिला बेची गई उसने महिला के साथ बलात्कार भी किया है। इस मामले में दो महिलाओं सहित दो पुरूषों को गिरफ्तार किया गया है जिनके विरूद्ध धारा 370,371, 376, 506 के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# यूरिया संकट से जूझ रहे किसान, व्यवस्थाएं नाकाम

### दिन भर लाइन में खड़े रहने के बाद भी किसानों को नहीं मिल रहा खाद

**छतरपुर।** बोवनी का पूरा सीजन गुजरा जा रहा है लेकिन किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक यूरिया खाद नहीं मिल पा रहा है। कृषि उपज मण्डी छतरपुर में बनाए गए विक्रय केन्द्र पर सुबह से शाम तक इंतजार में खड़े किसान आखिरकार खाली हाथ लौट रहे हैं। एक तरफ प्रशासन पर्याप्त यूरिया खाद होने का दावा करता है तो वहीं दूसरी तरफ किसानों को केन्द्रों से खाली हाथ लौटाया जा रहा है। गुरूवार को एक बार फिर ऐसा ही नजारा देखने को मिला। कृषि उपज मण्डी के



छतरपुर केन्द्र में खाद लेने आए बरट सड़ेरी के किसान प्रतिपाल सिंह ने बताया कि वे कल भी दिन भर लाइन में लगकर खाली हाथ लौटे थे, आज भी उन्हें पता नहीं कि यूरिया मिलेगा अथवा नहीं। उन्होंने बताया कि यूरिया की कमी बताई जा रही है इसके स्थान पर दूसरा खाद थमाया जा रहा है। इसी तरह एक और बुजुर्ग किसान तेजराम ने बताया कि नेता बड़े बड़े वादे कर वोट ले जाते हैं लेकिन हम किसानों को हो रही इस समस्या को देखने के लिए कोई नहीं आ रहा है। उन्होंने कलेक्टर से किसानों को खाद दिलाने की अपील की है।

# कार में पकड़ी गई 24 पेटी अवैध शराब



### 11 लाख की शराब सहित दो आरोपी गिरफ्तार

**छतरपुर।** शहर के सिविल लाइन थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर अवैध शराब की बड़ी खेप को जब्त किया है। इस मामले में दो शराब तस्कर भी पकड़े गए हैं। आरोपी एक लग्जरी कार से शराब ढो रहे थे। प्राप्त जानकारी के मुताबिक सिविल लाइन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर हुंडई की औरा कार से 11 लाख रूपए कीमत की 24 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त की है। पकड़ी गई शराब लगभग 216 लीटर है। पुलिस ने इस गाड़ी से घुवारा और नारायणबाग छतरपुर में रहने वाले दो शराब तस्करों को भी पकड़ा है। पकड़ा गया मुख्य आरोपी गुलगंज शराब दुकान का गद्दीदार है। यह शराब अवैध रूप से गुलगंज से छतरपुर लायी जा रही थी। इस मामले में पुलिस एक और आरोपी की तलाश कर रही है। उक्त कार्यवाही एसपी अमित सांघी के निर्देश पर टीआई सिविल लाइन कमलेश साहू के द्वारा की गई।

## खबर संक्षेप

### उप मुख्यमंत्री आज आएंगे मैहर और चित्रकूट



रीवा 14 दिसम्बर 2023. प्रदेश के नवनियुक्त उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल 14 दिसम्बर को रात 10 बजे रेवांचल एक्सप्रेस ट्रेन से प्रस्थान कर 15 दिसम्बर को प्रातः 6 बजे मैहर पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री प्रातः 8 बजे माँ शारदा देवी का दर्शन कर पूजा-अर्चना करेंगे। उप मुख्यमंत्री प्रातः 9.30 बजे मैहर से कार द्वारा प्रस्थान कर प्रातः 11.45 बजे चित्रकूट पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री चित्रकूट में आचारी मंदिर में आयोजित हवन-पूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल होंगे।

### बिना परमिट की तीन स्कूल बसे जप्त



रीवा। परिवहन विभाग द्वारा स्कूलों के विरुद्ध चलाए जा रहे जांच अभियान में आज गुरुवार को पुनः सिरमौर में जाकर परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा आरटीओ रीवा के निर्देशन में तीन स्कूल बसें बिना परमिट जप्त की गई। परिवहन सुरक्षा स्क्वाड द्वारा स्कूल बसों की जांच के दौरान सरस्वती ज्ञानपीठ मंदिर सिरमौर की दो बसें एवं के जे विद्यासागर हायर सेकेंडरी स्कूल सिरमौर की एक बस बिना परमिट के पाई गई जिन्हें जप्त कर स्कूल प्रबंधन के ही सुपुर्दगी में सौप दिया गया एवं उन्हें हिदायत दी गई कि इन वाहनों का परिचालन आपके द्वारा तब तक नहीं किया जाएगा जब तक की बस के पूर्ण दस्तावेज सही नहीं हो जाते और बस मोटरयान अधिनियम की अनुरूप ना हो जाए। पिछले दिनों की गई कार्रवाई से स्कूल प्रबंधकों के द्वारा परमिट फिटनेस के आवेदन किया जा रहे हैं परिवहन सुरक्षा स्क्वाड के द्वारा शहर से दूर ग्रामीण एवं तहसील क्षेत्र में जाकर स्कूल बसों के विरुद्ध जांच अभियान चलाया जा रहा है। आज की गई चालानी कार्यवाही से परिवहन विभाग को 27000 रुपए का राजस्व प्राप्त हुआ है।

# सेवा निवृत्त होने के पहले लोकायुक्त के चंगुल में फंसा एसडीएम का घूंसखोर बाबू

रीवा। सरकारी तंत्र में घूंसखोरी का काम बाबू स्तर के लोग ही करते है। ये सब कुर्सी पर बैठे अधिकारियों के इशारे पर होता है। कमीशन में चंद पैसे मिलने के लालच में बाबू अपनी नौकरी दांव में लगा देते है और पर्दे के पीछे अधिकारी को आंच तक नहीं आती। जबकि शिकायतकर्ता लोकायुक्त में आवेदन देते वक्त इस बात का उल्लेख करता है कि बाबू अधिकारियों के लिए पैसे की मांग कर रहा है, उसके बावजूद भी अधिकारियों पर लोकायुक्त की कार्रवाही न होना चर्चा का विषय बन जाता है। राजस्व विभाग एक ऐसा विभाग है जहां जमकर भ्रष्टाचार होता है। राजस्व न्यायालय के बाहर बैठे अधिवक्ता से लेकर अंदर कुर्सी में बैठे अधिकारी तक भू स्वामियों के रोम-रोम से पैसे निकाल लेते है। आश्चर्य तो तब होता है जब विभाग के अधिकारी विभाग के कर्मचारियों को अपना निवाला बना लेते है। इस बात का उदाहरण गुरूवार के दिन मनगवां एसडीएम कार्यालय में हुई लोकायुक्त की कार्रवाही से लगाया जा सकता है। जहां लोकायुक्त की टीम ने राजस्व विभाग के हल्का पटवारी से रिश्वत लेते हुए एसडीएम के ही लिपिक को धर दबोचा। लोकायुक्त एसपी गोपाल सिंह धाकड़ ने बताया




कि उनकी टीम ने मनगवां एसडीएम कार्यालय में दबिस देकर उनके लिपिक विनोद कुमार द्विवेदी को पांच हजार रूपये की रिश्वत लेते हुए पकड़ा है। आरोपी के लिपिक के विरूद्ध भ्रष्टाचार अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया। बताया कि लिपिक के विरूद्ध पिपरांव हल्का में पदस्थ पटवारी राम बहोर कोल निवासी गोरगी थाना गुढ़ ने शिकायत की थी। बताया कि वह अपने हल्का स्थानातंरण के लिए एसडीएम को आवेदन किया था। एसडीएम ने आवेदन को मार्क कर लिपिक विनोद कुमार द्विवेदी को दे दिया। लिपिक द्वारा उस पर अग्रिम कार्रवाही करने के लिए दस हजार रूपये की मांग की गई। पटवारी ने दो हजार रूपये उसे दे दिये और उतने में ही कार्य करने को कहा तो लिपिक विनोद कुमार उस पर भडक़ गये और पूरे पैसे लाने को कहा। शेष आठ हजार रूपये देने के बजाय पटवारी ने लिपिक को सबक सिखाने की ठानी और लोकायुक्त की सीढ़ी चढ़ गया। लोकायुक्त एसपी ने पटवारी की पीड़ा पर मलहम लगाते हुए एसडीएम के लिपिक को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ पकडऩे का जाल बुन डाला। गुरूवार को दोपहर लोकायुक्त की टीम मनगवां की ओर कूच कर गई और एक घंटे के अंदर ही लिपिक को रिश्वत लेते हुए दबोच लिया।

# डॉक्टर मोहन यादव को मुख्यमंत्री और राजेंद्र शुक्ला को उपमुख्यमंत्री बनाये जाने पर अतरैला में मनाया जश्न

### विन्ध्य को मिला हक को सम्मान -सुरेन्द दास पुजारी कुटी आश्रम

रीवा। मध्यप्रदेश में भाजपा की शानदार विजय के बाद मुख्यमंत्री पद पर डाक्टर मोहन यादव और उपमुख्यमंत्री पद पर राजेन्द्र शुक्ला का चयन किए जानें पर सिरमौर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा कार्यकर्ताओं और स्थानीय लोगों नें पड़ाके फोड़े और मिठाईयां बांटकर जश्न मनाया । अतरैला बाजार में भाजपा नेता सर्जेश पांडेय, किशोरी लाल मिश्रा, पंडित सुरेन्द्र तिवारी नरसिंह आश्रम पनवार, आचार्य सुरेश तिवारी,डाक्टर भूपेश पांडेय,सज्जन तिवारी, रामसूरत मिश्रा, उमाकांत द्विवेदी, जगदम्बा प्रसाद द्विवेदी, जनमेजय मिश्रा, प्रदीप कुमार गौतम,नागेश मिश्रा, कैलाशपति पांडेय, कुलदीप द्विवेदी,रहीश पांडेय, दिनेश तिवारी समेत भारी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर अपनी खुशहाली का इजहार किया।इस अवसर पर भाजपा नेता सर्जेश पांडेय ने कहा कि डाक्टर मोहन यादव का मुख्यमंत्री बनाया जाना



भाजपा की कार्यकर्ता आधारित लोकतांत्रिक सोच और प्रतिबद्धता की अभिव्यक्ति है, वहीं सौम्य, शालीन और विकासवादी सोच के राजनेता आदरणीय श्री राजेंद्र शुक्ला जी को उपमुख्यमंत्री बनाकर विन्ध्य क्षेत्र को पूरा हक और सम्मान दिया गया है। पांडेय नें कहा कि इस निर्णय से विन्ध्य गौरवान्वित हुआ है।



### नॉलेज ओ लयम्पियड 2023 का आयोजन

रीवा। स्कोप ग्लोबल स्किल्स विश्वविद्यालय एवं रबिन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों एवं विकास खण्डों के विद्यालयों में अध्यनरत विद्यार्थियों हेतु राज्य स्तरीय नॉलेज ओलंपियाड 2023 प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 10 दिसंबर 2023 को दोपहर 12 से 2:00 बजे तक चयनित स्कूलों में किया गया I इसी उपलक्ष्य में रीवा सम्भाग के सभी जिले मे और रीवा के रविन्द्र नाथ टैगोर विश्व विद्यालय क्षेत्रीय कार्यालय में साथ ही जिले के कई स्कूलों में विकाश खंडों स्कूलों में नॉलेज ओलंपियाड 2023 का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में ज़िले के स्कूलों में अध्यनरत छात्र/ छात्राएं सम्मिलित हुए। इस राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित छात्र/छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा पुरस्कार भी प्रदान किये जायेगा।

### पॉच सौ वर्ष बाद 22 जनवरी को होगी ऐतिहासिक दीवाली

रीवा। हिन्दू उत्सव समिति धर्मपरिवार की महिला शाखा अध्यक्ष प्रज्ञा त्रिपाठी एवं युवा शाखा अध्यक्ष सुमित मॉजवानी के नेतृत्व में रीवा एवं मऊगंज जिले मे 11 लाख दीपक जलाने के अभियान "एक दीपक जलायें-श्रीराम के नाम" चलाया जा रहा जन जागरण अभियान लगातार जारी है, जिसमे धर्मपरिवार के सभी पदाधिकारियों-सदस्यों के सामाजिक संगठनों एवं श्रीराम भेक्तों की बड़ी तादाद का समर्थन मिल रहा है और संकल्पित जनसमुदाय का कारवॉ लंबा होता जा रहा है। धर्मपरिवार के आजीवन संरक्षक नारायण डिगवानी के मार्गदर्शन में हर घर मे प्रत्येक सदस्य द्वारा एक-एक दीपक जलाये जाने के लिये सम्पर्क जारी है। इस पवित्र कार्य मे अग्रवाल समाज के अध्यक्ष सुनील अग्रवाल एवं रामकृष्ण अग्रवाल, यादव समाज के रामसखा यादव, ब्राम्हण समाज के संजय तिवारी मुन्नू, साहू समाज के राजेश साहू, विश्वकर्मा समाज के प्रभात विश्वकर्मा, सीताशरण, जैन समाज के कृष्णा जैन, सिन्धु सेना के रामचंद मदनानी, दीपक वाधवानी, केसरी समाज के अंषुमान गुप्ता, सोनी समाज के डीके सोनी, कुशवाहा समाज के लखपति कुशवाहा, किशन खटिक, सेन समाज के दिनेश सेन के साथ सरपंच इन्द्रमणी सिंह, अधिवक्ता संघ के शिवेन्द्र मिश्रा एड0 आदि अपने साथियों के साथ अपने समाज, परिवार एवं सहयोगियों के बीच लगातार काम कर रहे हैं। आयोध्या में भगवान श्रीराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा एवं आयोजित कार्यक्रम मे भाग लेने एक प्रतिनिधि मण्डल धर्मपरिवार के द्वारा भेजा जायेगा।

# संकल्प यात्रा से केन्द्र तथा राज्य की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें - मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से संकल्प यात्रा के तैयारियों की समीक्षा की

### प्रदेश भर में 16 दिसम्बर से समारोह पूर्वक शुरू होगी संकल्प यात्रा



रीवा। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के तैयारियों की समीक्षा की। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए मुख्यमंत्री श्री यादव ने कहा कि 16 दिसम्बर से विकसित भारत संकल्प यात्रा का प्रत्येक जिले में समारोह पूर्वक शुभारंभ करें। चुने हुए जनप्रतिनिधियों की इस यात्रा में भागीदारी सुनिश्चित करें। केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार की सभी प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं का संकल्प यात्रा के दौरान व्यापक प्रचार-प्रसार करें। साथ ही विभिन्न योजनाओं के पात्र हितग्राहियों को मौके पर योजनाओं का लाभ दें। संकल्प यात्रा की प्रतिदिन की गतिविधियों की कलेक्टर मॉनीटरिंग करके उसे ऑनलाइन दर्ज कराना सुनिश्चित करें। इस कार्यक्रम में महिला स्वसहायता समूहों की भागीदारी भी सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में शासन की योजनाओं के प्रचार के लिए प्रचार रथ भ्रमण करेगा। प्रत्येक रथ एक दिन में दो स्थानों का भ्रमण करेगा। इनके 26 जनवरी तक भ्रमण का कार्यक्रम तथा रूट चार्ट निर्धारित कर दें। संकल्प यात्रा के लिए जिला, विकासखण्ड और ग्राम पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं। इनके माध्यम से संकल्प यात्रा का सफल आयोजन कराएं। संकल्प यात्रा के दौरान जल जीवन मिशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वनिधि योजना, मुद्रा योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री प्रणाम योजना सहित केन्द्र सरकार की सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यक्रम स्थल में सभी प्रमुख 11 विभागों के स्टॉल अनिवार्य रूप से लगाएं। पूरी यात्रा के आयोजन की भलीभांति तैयारी कर लें। शिविरों में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच तथा दवा वितरण की भी व्यवस्था कराएं। संकल्प यात्रा का राज्य स्तरीय कार्यक्रम उज्जैन के दशहरा मैदान में आयोजित किया जाएगा। सभी जिलों में समारोह पूर्वक संकल्प यात्रा का शुभारंभ करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि नगरीय निकायों में माँस और मछली की खुले में बिक्री पर रोक लगाएं। इनकी दुकानों में दरवाजे में काले काँच अथवा पर्दे लगवाएं। धार्मिक स्थलों से 100 मीटर की परिधि में भी माँस- मछली की बिक्री प्रतिबंधित रहेगी। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में विकसित भारत संकल्प यात्रा के कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी गई।

कमिश्नर कार्यालय के वीडियो कान्फ्रेंसिंग कक्ष से कमिश्नर अनिल सुचारी, संयुक्त आयुक्त निलेश परीख एवं संभागीय अधिकारी कार्यक्रम में शामिल हुए। कलेक्ट्रेट के एनआईसी केन्द्र से कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल, कलेक्टर मऊगंज अजय श्रीवास्तव, आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ सौरभ सोनवणे, सभी एसडीएम तथा अन्य संबंधित अधिकारी वीडियो कान्फ्रेंसिंग में शामिल हुए।

# नईगढ़ी नगर परिषद के पूर्व अध्यक्ष को मातृशोक

### गमगीन हुआ इलाका

रीवा। सेंगर वंश के नईगढ़ी किला में गुरूवार के दिन अचानक पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह बबलू के माता पुष्पा सिंह पत्नी सुमन सिंह 80 वर्ष का निधन हो गया। बताया गया कि वे काफी दिनों से बीमार चल रही थी। इस बात की खबर जैसे ही नईगढ़ी इलाके में फैली लोग नईगढ़ी किला की ओर रूख कर लिये और देखते ही देखते किला परिसर भीड़ एकत्रित हो गई। बताते चले कि हर्षवर्धन सिंह नईगढ़ी किले के राष्ट्रीय कवि ठाकुर गोपाल शरण सिंह के वशंज है। इनकी माता जी पुष्पा सिंह का नईगढ़ी कस्बा सहित समूचे क्षेत्र से पारिवारिक लगाव था। उनके देवलोक प्रस्थान से समूचे नईगढ़ी क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। जो जैसे जहां सुना नईगढ़ी किला की ओर दौड़ पड़ा। उनके अंतिम दर्शन की एक झलक पाने के लिए जनता भावुक दिखाई दी। पुष्पा सिंह का अंतिम संस्कार किला के समीप राजतंत्र से चले आ रहे मुक्ति धाम में किया गया। जहां वैदिक रीति के अनुसार उनके छोटे पुत्र यशवर्धन सिंह डबली ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष नृपेंद्र सिंह पिंटू, भारतीय रेडक्रास सोसायटी तहसील इकाई नईगढ़ी के चेयरमैन राजेंद्र मिश्रा प्यासी, पूर्व जनपद सदस्य संजीव सिंह सिंपू, भारतीय किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष गजराज सिंह, राजा साहब बिछरहटा रमेश प्रताप सिंह, रामदयाल शर्मा, अनुराग सिंह बंधवा, कन्हैया सिंह रामपुर, उमाशंकर त्रिपाठी, नसीम खान, रतनलाल मिश्रा, रामदयाल शर्मा, रामलल्लू शर्मा, शीतला कुशवाहा, अशोक कुमार सोनी, ऋषिकेश सिंह, राजू सिंह मऊगंज, अनिल सिंह बहुती, बृजेश सिंह, मकरंद सिंह बहेरा, नरेंद्र सिंह बंधवा, अखिलेश पटेल, अनूप सिंह, अंशुमान सिंह डिहिया, नरेंद्र सिंह शुकली, इरफान खान, रोशन, श्याम बाबू गुप्ता, अनिल कुमार गुप्ता, महेश पटेल, रामाश्रय नामदेव, कमरूद्दीन खान, पवन शर्मा, हर्ष नारायण मिश्रा, दद्दी प्रसाद पयासी, शेर अली खान, शिवानंद पयासी, शिवानंद भुजवा, श्रीकांत तोमर, लालजी गौतम, राममिलन प्रजापति, अनूप सिंह डिहिया सहित तमाम गणमान्य नागरिकों ने मृत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये।



# जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें: कलेक्टर

### विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिये विभागीय अधिकारी सौंपे



रीवा। आगामी 16 दिसंबर से 26 जनवरी 2024 तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के सुचारू संचालन हेतु जिला स्तरीय संयोजन समिति की बैठक कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिये कि सौंपे गई जिम्मेदारियों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें तथा विभागीय गतिविधियों व योजनाओं की जानकारी जन-जन तक पहुंचाकर पात्र व छूटे हितग्राहियों को इससे लाभान्वित भी करें। कलेक्ट्रेट के मोहन सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा के आयोजन स्थल में जिन कर्मचारियों, अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है वह वहां अनिवार्यतः रहें तथा आयोजन स्थल में नियत कार्यक्रम अनुसार स्टाल लगाकर जन सामान्य को योजनाओं के बारे में जानकारी दे साथ ही पोर्टल में फीड कराते हुए जानकारी व सफलता की कहानियाँ जनसंपर्क विभाग को प्रेषित करें ताकि उसका व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। कलेक्टर ने बताया कि जिला स्तरीय कार्यक्रम सिरमौर चौराहे में 16 दिसंबर को आयोजित होगा तथा विकास रथ को झण्डी दिखाकर कार्यक्रम स्थलों के लिये रवाना किया जायेगा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का उद्देश्य प्रमुख योजनाओं का लाभ, लक्षित लाभार्थियों, खास तौर से वंचित व आकांक्षी लोगों तक समयबद्ध तरीके से पहुंचाना है। जन सामान्य में योजनाओं का प्रचार प्रसार एवं जागरूकता पैदा करना है। वंचितों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। लाभार्थियों के व्यक्तिगत कहानियों/अनुभव साझा करने के माध्यम से सरकारी योजनाओं के बारे में जानकारी एकत्रित करना है। यात्रा के दौरान प्राप्त आवेदन/जानकारी के आधार पर संभावित लाभार्थियों का नामांकन/चयन करना है। कलेक्टर ने बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे अपने विभागीय योजनाओं के प्रगति की समीक्षा करें तथा इस यात्रा के माध्यम से योजनाओं के क्रियान्वयन को गति प्रदान करें। यात्रा के दौरान जिला, जनपद एवं मैदानी अमला अपने लक्ष्य तय करें तथा हितग्राहियों को लाभान्वित करें। उल्लेखनीय है कि यात्रा के दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित अभियान मे आयुष्मान भारत, पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना, दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, पीएम आवास योजना, पीएम उज्जवला योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, पीएम पोषण योजना, हर घर जल जल जीवन मिशन, जनधन योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, पीएम प्रणाम योजना, नैनो उर्वरक का उपयोग,स्वाइल हैल्थ कार्ड उन्नत कृषि यंत्र वितरण आदि को शामिल किया गया है ।इसी तरह शहरी क्षेत्रों में आयोजित अभियान में पीएम स्वनिधि योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना, पीएम उज्वला योजना, पीएम मुद्रा लोन योजना, स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, आयुष्मान भारत , पीएम आवास योजना (शहरी), स्वच्छ भारत अभियान (शहरी), उज्वला योजना, अमृत योजना, पीएम जन औषधि परियोजना, सौभाग्य योजना, डिजिटल भुगतान अधौसंरचना आदि का यात्रा के दौरान लाभ हितग्राहियों को दिलाया जायेगा। बैठक में आयुक्त नगर निगम श्रीमती संस्कृति जैन, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. सौरभ सोनवणे सहित जिला स्तरीय विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

